# Recommendation of DFO

1. वन मण्डल सिंगरौली के अन्तर्गत प्रस्तावित वन भूमि रकवा 244.536 हे0 में आर. एफ. 271, 272, 273 एवं 274 आरक्षित वन भूमि है।

2. वनमण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वन भूमि 244.536 हे0 वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड निगाही परियोजना में ओपनकास्ट माइनिंग हेतु उपयोग पर दिये जाने का प्रस्ताव है।

3. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वनभूमि कक्ष क्रं0 आर.एफ. 271, 272, 273 एवं 274 इस वन मण्डल के प्रचलित कार्य आयोजना के अनुसार हाथी कोरीडोर में सम्मिलित है।

4. वन मण्डल की कार्य आयोजना में हाथी कोरीडोर के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है:–

> (अ) 2.47 (9)– कोरीडोर में किसी भी प्रकार का कार्य जिससे कॉरीडोर की निरंतरता में व्यावधान उत्पन्न होता हो जैसे स्थायी भवन निर्माण, डिपो की स्थापना, लेबर कैम्प की स्थापना तथा अन्य स्थाई निर्माण कार्य आदि नहीं किये जावेंगे।
>
> (ब) 2.47(10)– कोरीडोर में स्थित कक्षों को यथा संभव गैर वानिकी उपयोग हेतु हस्तानांतरित नहीं किया जाये। यदि ऐसा करना अवश्यंभावी हो तो सर्वप्रथम वैकल्पिक कॉरीडोर की स्थापना की जाये।

5. कार्य आयोजना के उक्त प्रावधान का पालन सुनिश्चित करने की शर्त पर उक्त कोयला उत्खनन हेतु स्वीकृति दिया जाना अनुसंशित है।

वन मंण्डल अधिकारी
सामान्य वन मण्डल
सिंगरौली [म. प्र]